प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी राजनीतिक गतिविधियां, रांची में भाजपा की आज दो प्रमुख बैठक, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा होंगे शामिल ।

2. झामुमो केंद्रीय कमेटी की भी बैठक आज, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ सभी सांसद विधायक जिला अध्यक्ष होंगे शामिल।

3. कांग्रेस में सीटों के चयन को लेकर मंथन जारी, 19 अक्टूबर को राहुल गांधी का दौरा प्रस्तावित।

4. खूंटी में अगवा पांच नाबालिग बच्चियों को किया गया सकुशल रेस्क्यू, डालसा की सहायता से सभी को सुरक्षित अभिभावकों को सौंपा गया।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ गई है। चुनाव की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। भाजपा ने आज रांची में महत्वपूर्ण बैठक बुलायी है, जिसमें प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में पदाधिकारी और मोर्चा तथा जिलाध्यक्ष भी हिस्सा लेंगे। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की जबकि दूसरी सभी मोर्चा के पदाधिकारी के साथ होगी।

****

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की भी आज रांची में बैठक बुलाई गयी है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बैठक की अध्यक्षता करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्यों के साथ–साथ सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और जिला सचिव भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी।

****

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के भी 19 अक्टूबर को झारखंड के दौरे पर आने की संभावना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि राहुल गांधी इस क्रम में विभिन्न सामुदायिक संगठनों के साथ बैठक करेंगे। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राहुल गांधी रांची में आयोजित होने वाले संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं।

****

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने घोषणा की है कि 26 नवंबर को भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ प्रत्येक गांव में एक राष्ट्रव्यापी संविधान गौरव अभियान के साथ मनाई जाएगी। महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम में उन्होंने प्रत्येक जिले में संविधान भवन बनाने की सरकार की पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

****

गढ़वा जिले के भंडरिया थाना के मदगड़ी गांव में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ विवाद सुलझा लिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय की पहल पर वार्ता के बाद रात को विसर्जन जुलुस निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया ।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गढवा में जुलूस के दौरान रास्ता विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार को एक नियम

बनाना चाहिए जिसमें सभी सरकारी मार्ग से सभी सम्प्रदाय या जाति के लोग जुलूस और यात्रा निकाल सके।

****

गोड्डा –नई दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का अब गिरिडीह के धनवार स्टेशन पर ठहराव शुरू होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आग्रह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसके आदेश दिए हैं। जनता की मांग को देखते हुए श्री मरांडी ने रेल मंत्री से गोड्डा नई दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का ठहराव धनवार स्टेशन पर करने के लिए अनुरोध किया था। श्री मरांडी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की जनता को दिल्ली जाने के लिए आसानी से ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। यह ठहराव क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

****

गया–लोकमान्य तिलक ट्रेन का हजारीबाग में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। सांसद मनीष जायसवाल ने मुम्बई के लिए रेल सुविधा देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अि□वनी वैष्णव का आभार जताया..उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कई अन्य ट्रेनों की सौगात भी हजारीबाग वासियों को मिलेगी

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका के बालीजुड़ी में ब्लैक राइस की खेती शुरू की गई है।

****

खूंटी में दशहरा मेला घूमने निकली पांच नाबालिग बच्चियों को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया गया है। प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए के अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के निर्देश पर डालसा की टीम ने सभी बच्चियों को सुरक्षित उनके अभिभावकों को सौंप दिया है। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

****

और अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर तेज हुई राजनीतिक गतिविधियों की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– भाजपा में प्रत्याशियों के नाम तय, जल्द आएगी पहली लिस्ट।

प्रभात खबर ने लिखा है –अब नजरें आयोग पर, कभी भी हो सकती है चुनाव की घोषणा।

हिंदुस्तान लिखता है – झारखंड में आज हो सकती है विधानसभा चुनाव की घोशणा।

विदाई गीतों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन, शीर्शक के साथ दैनिक भास्कर ने फोटो स्टोरी के साथ खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है – इंटरनेशनल होगी मोदी सरकार की पीएम गति शक्ति योजना।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बाबा सिद्दकी हत्याकांड की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

****